**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| | |
|---|---|
| 38.6° अधिकतम तापमान | 19.8 न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 29 | सूर्यास्त 06 : 42 |

## शहर में आज

- **निरीक्षण :** रेलवे बोर्ड के एडिशनल सदस्य वीपी सिंह, एडीआरएम सामान्य संजय कुमार फजलगंज स्थित लोको शेड, एमडीटीआई, लॉबी का निरीक्षण करेंगे सुबह 10 बजे।
- **व्याख्यान :** वीएसएसडी कालेज नवाबगंज में वाणिज्य संकाय की ओर से वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान सुबह 10 .30 बजे।
- **बैठक :** समाजवादी पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के बीच चुनावी बैठक तीन बजे।

# प्लास्टिक सर्जरी करके शरीर में बनाया मल द्वार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बवासीर के ऑपरेशन के बाद मरीज को फाइब्रोसिस होने से बंद हुआ था मलद्वार
- मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बड़ी आंत से डायवर्जन कर बनाया रास्ता

**अमृत विचार।** एक निजी अस्पताल में युवक ने बवासीर का ऑपरेशन कराया तो मल द्वार फाइब्रोसिस से बंद हो गया। अधिकतर डॉक्टरों ने उसे सही करने में अपने हाथ खड़े कर दिए, तब वह हैलट अस्पताल पहुंचा। यहां पर डॉक्टरों ने प्लास्टिक सर्जरी कर उसकी जान बचाई।

जालौन के उरई पटेल नगर निवासी 32 वर्षीय युवक ने बवासीर का ऑपरेशन कराया। लेकिन कुछ माह बाद मलद्वार के रास्ते में फिर से दर्द होने लगा। पेट मंई सूजन बढ़ने के साथ ही गैस व मल पास करने में काफी दिक्कत होने लगी। हालत खराब होने पर परिजन युवक को हैलट अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। यहां पर सर्जरी विभाग के सह आचार्य डॉ.अनुराग सिंह ने मरीज को भर्ती किया। जांच में पता चला कि मलद्वार कुछ माह से फाइब्रोसिस से बंद है। इस पर सर्जरी विभाग की टीम के साथ उन्होंने मलद्वार



का अस्थायी रास्ता बड़ी आंत का डायवर्जन बनाकर बनाया। उसके बाद प्लास्टिक सर्जन डॉ.प्रेमशंकर की मदद से मरीज के मल द्वार की प्लास्टिक सर्जरी की। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है। मरीज के मलद्वार के अस्थाई रास्ते को बंद करके प्राकृतिक रास्ता भी ठीक किया गया है।

# 'मां काली' के चाकू से 'पिशाच' की गई जान

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर गांव के बाल कलाकारों की ओर से मां काली की झांकी के मंचन के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। मां काली बने बाल कलाकार के हाथ से चाकू लगने से पिशाच बने कलाकार की गर्दन कट गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गईं। हादसे के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बंभियापुर गांव के सुभाष सैनी ने अपने दरवाजे पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया था। बुधवार को कथा का समापन था।

कथा के समापन के बाद देर रात गांव के बाल कलाकारों (छोटे-छोटे बच्चों) की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम के दौरान मां काली की



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार



गांव में पसरा मातम। अमृत विचार

झांकी प्रस्तुत की जा रही थी। झांकी में गांव के बबलू कश्यप का 12 वर्षीय पुत्र शिवम उर्फ सनी, उमेश सैनी का 14 वर्षीय पुत्र राज, 12 वर्षीय पुत्र मनु और गंगा मोहन का 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा मां काली और भूत-पिशाच की लीला का मंचन कर रहे थे। मां काली का रूप धारण किए कृष्णा के हाथ में चाकू था, जिससे भूत-पिशाच पर वार का दृश्य चल रहा था।

इसी दौरान पिशाच का रूप धारण किए शनि उर्फ शिवम के गले में कृष्णा की चाकू लग गई।

- काली बने बाल कलाकार की चाकू पिशाच बने बच्चे की गर्दन पर लगी
- अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत, तीन को पुलिस ने हिरासत में लिया
- भागवत कथा के समापन पर झांकी का मंचन कर रहे थे बाल कलाकार

जिससे खून की तेज धार बहने लगी। कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई।

परिवार के लोग घायल शनि को लेकर अस्पताल के लिए निकले,



शनि उर्फ शिवम।

लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

> तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धारा-304 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।
> –विजय ढुल, डीसीपी

चाकू चलाने वाले किशोर, उसके पिता गंगा मोहन और प्रशासन से अनुमति लिए बिना कार्यक्रम कराने वाले कथा आयोजक सुभाष सैनी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### घर पर मृत मिला युवक

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक युवक का शव उसके घर में पड़ा मिला। युवक की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। रतनपुर में स्थित डूडा कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय अंकुश चौहान की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पत्नी कुछ दिन बाद छोड़ कर चली गई। नशे का आदी होने के कारण मां शशि चौहान भी रूरा के गहोलिया गांव में रहने लगी थीं। पड़ोसियों ने मकान से दुर्गंध आने पर उन्होंने मां को फोन कर सूचना दी। मां ने आकर देखा तो अंकुश मृत अवस्था में मिला। पनकी प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक शराब का लती था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानाचार्या के पति की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मंगलदीप अपार्टमेंट में रहने वाले 48 वर्षीय विकास जैन की घर पर गिरकर मौत हो गई। उनके बेटे रजत जैन ने बताया कि पिता इन दिनों कुछ नहीं कर रहे थे। मां बिल्हौर के एक स्कूल में प्रिंसिपल हैं। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल युवक ने दम तोड़ा

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में हाईवे पर अरोड़ा रिसॉर्ट के पास 13 अप्रैल को एक कार बोल्डर से टकरा गई थी। जिसमें अभिषेक रत्न, अभिषेक पाल और शुभम घायल हो गए थे। गुरुवार सुबह 29 वर्षीय बेटे अभिषेक रत्न ने हैलट में दम तोड़ दिया। परिजनों ने हैलट अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

# एनसीआर की तर्ज पर होगा शहर में धूल पर नियंत्रण

## शासन ने नगर निगम को दिए निर्देश, हर हाल में सुधारनी होगी वायु गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- धूल-धुएं से सबसे ज्यादा प्रदूषण फैल रहा

**अमृत विचार।** शहर में अब एनसीआर की तर्ज पर धूल पर नियंत्रण करना होगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य मिशन निदेशालय ने नगर निगम को निर्देश जारी कर दिये हैं। नई योजना के तहत वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिये सड़कों, रास्तों, फुटपाथ के किनारे खुले क्षेत्रों को पूरी तरह से कवर्ड करना जरूरी होगा। बिल्डिंग मैटेरियल, मलबा, निर्माण कार्य, खुदाई, कूड़ा नियंत्रण पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023-24 में शहर की हवा फेल है। मेट्रो, भवन निर्माण कार्य बिना ढके होने, पानी का छिड़काव नहीं होने की वजह से उड़ती धूल वायु गुणवत्ता को बिगाड़ रही है। नगर निगम कर्मचारी ही कूड़ा जला दे रहे हैं। यूपीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार शहर में धूल और धुंए से होने वाला प्रदूषण कुल प्रदूषण का लगभग 18 फीसदी है। राज्य मिशन निदेशक डॉ. नितिन बंसल ने नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये हैं।

### यह कार्य भी करने हैं

- शहरी गैस वितरण नेटवर्क का क्रियान्वयन
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर कार्य
- पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और वाहन स्क्रैपिंग
- शहर में प्रदूषण नापने वाले सेंसर
- मियावाकी पद्धति से शहरी जंगल का निर्माण
- प्रदूषण को रोकने के लिए कूड़े का निस्तारण
- टूटी सड़कों का निर्माण

### तिरपाल या जूट की शीट से ढकें निर्माण स्थल

वायु प्रदूषण को रोकने लिए खुले में निर्माण पर रोक लगाई गई है। इसके बाद भी शहर में बिना नियमों को पूरा किये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। सड़क पर ही मौरंग, गिट्टी फैलाकर और बिना ढके भवनों को ताना जा रहा है। प्लान के तहत निर्माण कार्यों में 10 .5 मीटर और 7 .5 मीटर के बैरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान हर स्टेज में उसे हरे तिरपाल या जूट की शीट से ढकने को भी कहा गया है। निर्माण स्थल पर स्प्रिंकलर सिस्टम अनिवार्य रूप से रखने के साथ ही किसी भवन को ध्वस्त करने के दौरान भी उसे ढकने के निर्देश हैं। लेकिन, शहर में बहुत कम जगह ही नियमों का पालन हो रहा है।

### यह दिया गया है लक्ष्य

एनसीएपी के तहत 24 राज्यों के 131 शहरों में 2025-26 तक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम10) के स्तर में 40 फीसदी तक की कमी या राष्ट्रीय मानकों (60 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर) को हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिए संसाधन जुटाने की तैयारी है।

### मैकेनिकल स्वीमिंग मशीन का हो रहा प्रयोग

नगर निगम ने अभी शहर में धूल से निपटने को प्रदूषण सेंसर वाले क्षेत्रों के दो किमी के दायरे को प्रदूषण सेफ जोन बनाने का प्रयास शुरू किया है। विभाग 8 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन, 6 एंटी स्मॉग गन से अभियान चला रहा है, लेकिन यह मशीनरी शहर के लिहाज से कम है। नगर निगम को इन्हें बढ़ाना होगा।



घंटाघर में मेट्रो के कार्य की वजह से उड़ती धूल। अमृत विचार

### इन पर करना होगा सुधार

- रोड पर जगह-जगह खुले में फैली बिल्डिंग मैटेरियल और मलबा हटाना है
- बिना ग्रीन पर्दा डाले हो रहे निर्माण कार्य पर एक्शन हो
- मेट्रो खुदाई वाले स्थानों पर पानी का छिड़काव कराए
- खुले में कूड़ा ले जाने पर रोक लगाई जाए
- धुआं छोड़ने वाले वाहनों पर रोक
- खराब सड़कों को ठीक किया जाए
- बाजारों में धुआं छोड़ते जनेरटेरों पर कार्रवाई की जाए
- भट्ठी जलाने वालों पर कार्रवाई हो
- कूड़ा जलाने पर रोक लगे
- रोड और पेड़ों पर नियमित धुलाई की जाए
- वायु गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली की स्थापना, एंटी स्मोक गन संचालन एवं रोड स्वीपिंग

### एनसीएपी में शहर फेल

- नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के अतर्गत अलग-अलग शहरों द्वारा स्वमूल्यांकन में सेंट्रल पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने कानपुर की हवा को फेल बताया है। सीपीसीबी को यूपी के सिर्फ दो शहरों की हवा गुणवत्तापरक मिली है। जिसके बाद नगर विकास विभाग प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कानपुर मंडलायुक्त को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। हवा को मानक के अनुरूप स्वच्छ करने के लिए जारी बजट को खर्च करने और अपने स्तर से भी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# नौकरी को भेजे कागज आया ठगी का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही थानाक्षेत्र का मामला डीसीपी कार्यालय में शिकायत

**अमृत विचार।** जूही बारादेवी की एक युवती ने बैंक में नौकरी करने के लिए दिए विज्ञापन के पते पर दस्तावेज भेज दिए। ठग ने उससे बैंक खाता खुलवाकर रकम ट्रांसफर कराई। नौकरी नहीं लगी लेकिन तेलंगाना पुलिस का नोटिस मिला। पीड़िता ने डीसीपी दक्षिण कार्यालय में गुहार लगाई, जहां उसे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने को कहा गया।

जूही बारादेवी निवासी 21 वर्षीय अंजली गुप्ता ने बताया कि स्नातक की पढ़ाई के बाद सितंबर 2023 में उसने इंस्टाग्राम पर एचडीएफसी बैंक में नौकरी का एक विज्ञापन देख उस पर दिए नंबर पर कॉल की थी। इसके बाद वाट्सएप पर उनसे आधार, पैन कार्ड व शैक्षिक दस्तावेज और एक पेपर पर उसके हस्ताक्षर किए हुए मांगे थे। सभी जानकारी दे दी पर कुछ समय बाद फोन किया तो वे लोग टालने लगे। आशंका होने पर नंबर ब्लॉक कर दिया। दो दिन पहले उनके पास तेलंगाना से नोटिस आया कि उसके खिलाफ साइबर क्राइम में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# नगर निगम का वादा टूटा और टूटी खिलाड़ियों की आस भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फूलबाग स्थित नानाराव पार्क में बना आधुनिक तरणताल आज तक जनता के लिये खोला नहीं जा सका है। इससे तैराकी सीखने और हुनरमंद खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिये स्थान नहीं मिल पा रहा है। 14 करोड़ रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी की ओर से कराए गये कार्य धूल फांक रहे हैं। स्मार्ट सिटी से जुड़े अधिकारियों की ओर से एक वर्ष पहले तरणताल को खोलने के लिये लिखित में वादा किया गया था, लेकिन वादा पूरा न होने की वजह से तैराकी खिलाड़ियों की आस टूट रही है।

फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में

**14** करोड़ से बनाया गया था तरणताल

**14** जून 2023 को खोलने का किया गया था वादा

कानपुर नगर निगम का तरणताल था, जिसका अब कायाकल्प कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का तरणताल तैयार बनाने के लिये स्मार्ट सिटी ने योजना बनाई। इस योजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अक्टूबर 2021 में शिलान्यास किया। दो वर्षों में जब काम पूरा हो गया तो मार्च 2023 में नगर निगम अधिकारियों ने इसे जनता के लिये खोलने की योजना बनाई। इसी दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से योजना का वर्चुअल उद्घाटन करा लिया।



नानाराव पार्क में बना तरणताल बंद पड़ा है। अमृत विचार

लेकिन, जब इसे जनता से खोलने की बारी आई तो अधिकारियों ने कहा कि तरणताल को खोलने से पहले लाइफ गार्ड सपोर्ट की जरूरत है। इसके लिये प्रशिक्षित कर्मचारी चाहिये। इसके साथ टेक्निकल समस्या बताकर जनता के लिये तरणताल नहीं खोला गया। जब सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने तरणताल में घुसकर विरोध किया तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और कहा कि 14 जून 2023 को तरणताल आम लोगों के लिये खोल दिया जायेगा। लेकिन, करीब एक वर्ष बीतने को हैं और तरणताल को लोगों के लिये खोला नहीं गया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का तरणताल

- तरणताल में अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग फेडरेशन के सभी मानकों को ध्यान रखा गया है। उन्हीं मानकों के तहत तरणताल को बनाया गया। यहां पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं कराने की व्यवस्था और दर्शकों के बैठकर देखने की व्यवस्था है। इसके साथ ही लाइटिंग, छोटे बच्चों के मनोरंजन, पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, कैफेटेरिया बनाया गया। यह पूरी तरीके से इनडोर स्विमिंग पूल है। लेकिन इसका फायदा लोगों को नहीं मिल पा रहा है। तैराकी करने के साथ ही यहां पर तैराकी सीखाने की भी योजना बनी है। हालांकि इसकी फीस तय नहीं हुई है।

# मूल्यांकन में लापरवाही बरतने पर तीन निलंबित

- डायट प्रधानाचार्य की ओर से पकड़ी गई थी गलती

**कानपुर।** मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने पर गुरवार को डायट के तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षकों को कॉपियों को जांचने के दौरान डायट प्रधानाचार्य ने मौके पर ही पकड़ा था। निलंबित तीनों शिक्षकों को विभिन्न जिलों में संबद्ध कर दिया गया है।

नर्वल में डीलेड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा था। मूल्यांकन कार्य के दौरान डायट प्रधानाचार्य की ओर से जांच के दौरान सामने आया कि परीक्षार्थियों की कॉपियों में अंक और चिट के अंकों का मिलान नहीं हो रहा है। कई परीक्षार्थियां की कॉपियों की इस तरह की गड़बड़ियां मिली। इस प्रकरण की पूरी रिपोर्ट शासन को भी भेजी गई थी। प्रभारी डायट प्राचार्य व एडी बेसिक राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि तीन शिक्षक इंद्रजीत सिंह, संतोष कुमार सरोज और अरुण विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षकों को कन्नौज, औरेया और जालौन में संबद्ध कर दिया गया है।

# टप्पेबाजी कर खाते से उड़ाए 35 हजार

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में टेनरी कर्मी से एटीएम कार्ड की टप्पेबाजी कर खाते से आरोपी ने 35 हजार रुपये पार कर दिए।

अशरफाबाद निवासी इश्तियाक अहमद टेनरी कर्मी है। उसने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह जाजमऊ के चुंगी चौराहे के पास एटीएम से रुपये निकालने गए थे। एक युवक एटीएम के अंदर उनके पीछे आकर खड़ा हो गया। जब वे रुपये निकाल जाने लगे तो आरोपी ने ट्रांजेक्शन कैंसल न होने और साइबर अपराध होने का भय दिखाकर उनका एटीएम कार्ड फिर से मशीन में लगवाया। इसके बाद पिन डलवाकर कार्ड बाहर निकाल लिया। आरोपी ने बातों में फंसाकर दूसरा कार्ड थमा दिया। कुछ दूर जाने पर 35 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया।

**मौसम की मार** अप्रैल के न्यूनतम तापमान ने 123 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, सब्जियों का उत्पादन घटने, लागत बढ़ने की आशंका

# समय से पहले पड़ी तेज गर्मी का असर सब्जियों पर, महंगी होंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग की ओर से अप्रैल महीने को सबसे गर्म महीना दर्ज किया गया है। अप्रैल में न्यूनतम तापमान ने 123 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। समय से पहले तपिश का असर सब्जियों पर पड़ने लगा है। पत्ती पीली होकर गिर रही हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ने से किसान को सिंचाई सहित अन्य इंतजाम करने पड़ेंगे जिससे लागत बढ़ेगी और सब्जियां महंगी होंगी।

बढ़ती हुई गर्मी पत्तियों में हरापन बनाए रखने की चुनौती बनी हुई है। सीएसए के सब्जी अनुभाग के डॉ. राजीव ने बताया कि यह गर्मी खासतौर पर कद्दू, टमाटर, खीरा,



सब्जी करेंगी जेब ढीली। अमृत विचार

भिंडी, लौकी को नुकसान पहुंचा रही है। फसल को बचाने के लिए किसानों को सूक्ष्म पोषक तत्व के छिड़काव के साथ ही अन्य उपाय भी करने पड़ रहे हैं। थोक सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी का असर फसल के पड़ने से सब्जियों की लागत बढ़ेगी। कानपुर मंडल में सब्जियों की बड़े पैमाने पर पैदावार होती है। इनमें लौकी की बात की जाए तो उसका एक हेक्टेयर में 250 से लेकर 450 कुंटल तक उत्पादन होता है। इसी तरह कद्दू 50 कुंटल प्रति हेक्टेयर व भिंडी का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 80 से 120 कुंटल तक होता है। गर्मी से बचाने के लिए किसानों की प्रति हेक्टेयर लागत 5 से 8 हजार रुपये बढ़ेगी।

### बाजार में इस तरह बढ़े दाम

| सब्जी | 24 अप्रैल | 2 मई |
|---|---|---|
| लौकी | 18-20 | 20-25 |
| कद्दू | 15-20 | 20-25 |
| भिंडी | 35-40 | 38-42 |
| टमाटर | 25-30 | 30-40 |
| तरोई | 25-30 | 30-40 |

नोट : दाम प्रति किलो के अनुसार

### 1901 के बाद का सबसे गर्म अप्रैल माह

एक मई 2024 को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिणी प्रायद्वीप में अप्रैल का महीना 1901 से लेकर अब तक का दूसरा सबसे गर्म महीना रिकार्ड किया गया। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में इस साल अप्रैल में न्यूनतम तापमान ने 123 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अप्रैल 2024 में भारत के इन दो क्षेत्रों का औसत न्यूनतम तापमान 22 .19 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य तापमान से 1 .78 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अप्रैल में 1901 से लेकर अब तक का यह सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इसके अलावा यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 .25 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। यदि कानपुर और आस-पास के क्षेत्र की बात की जाए तो अप्रैल महीने का औसत अधिकतम तापमान 38 .8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 21 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो रिकॉर्ड है।

### टमाटर में लगे कीट

सब्जी विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के असर से टमाटर में छेदक कीट लगने शुरू हो गए हैं। छेदक कीट की वजह से टमाटर पर कीट रसायनों का प्रयोग किसानों की ओर से किया जाना मजबूरी हो गया है। ऐसी स्थिति में जल्द ही टमाटर के महंगे होने की भी संभावना बाजार विशेषज्ञों ने जताई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# टायर गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

## सचेंडी थानाक्षेत्र में हुई घटना, पांच दमकलों ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/ कानपुर



धू-धूकर जलता टायर गोदाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में भगवंतपुर इलाके में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकालने वाले एक कारखाने में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। वहां काम कर रहे लोग जान बचाकर खेतों की तरफ भागे। दमकल की पांच गाड़ियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

भगवंतपुर गांव में स्थित पांडु नगर निवासी शरद रस्तोगी की प्रिया इंटरप्राइजेज नाम की फैक्ट्री में पुराने टायरों को जलाकर तेल बनाने का काम होता है। फैक्ट्री में गुरुवार सुबह श्रमिक काम पर लगे थे। इसी दौरान बॉयलर के पास से लपटें निकलते देख श्रमिकों में अफरातफरी मच गई। उन लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पनकी, फजलगंज, किदवई नगर से दमकल की पांच गाड़ियों ने पहुंचकर पांच घंटे में कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इस दौरान धुएं का काला गुबार उठता रहा। इसी प्रकार थाना कल्याणपुर थानाक्षेत्र में छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी के पास कूड़े के ढेर में आग लग गई। फायर स्टेशन कर्नलगंज से यूनिट ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। वहीं काकादेव थानाक्षेत्र में आईटीआई कैंपस में कूड़े में आग लग गई। आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझा ली। गोविंदनगर थानाक्षेत्र में संजय नगर फर्टिलाइजर के सामने कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फजलगंज, पनकी की दो यूनिट ने आग को बुझा लिया। वहीं ग्रामीण इलाकों में नरवल थानाक्षेत्र में टिकरा में घूरे में व शिवराजपुर थानाक्षेत्र में गांव टकटौली में खेत में आग की घटनाएं हुईं।

- कई और स्थानों पर लगी आग कहीं कोई जनहानि नहीं

# मजदूरों के रुपये मांगने पर ठेकेदार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के पटेल नगर इलाके में एक ठेकेदार ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसे प्लॉट में निर्माण कार्य करने का ठेका दिया। कुछ दिन बाद मजदूरों को रुपये देने के लिए मांगे तो आरोपी ने उन्हें बुरी तरह से मारापीटा और 40 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कराया गया।

महाराजपुर के मदारपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार राजमिस्त्री हैं। उन्होंने बताया कि वह मकान बनाने का ठेका लेते हैं। बताया कि अक्टूबर 2023 में वे पटेल नगर में एक मकान में काम कर रहे थे। तभी इलाके का राजेश यादव वहां पर आया और प्रदीप से उनके प्लॉट में काम करवाने का ठेका दिया। इसके बाद प्रदीप ने मजदूरों से आरोपी के प्लॉट में गड्ढा खुदवाने का काम शुरू किया। खुदाई होने के बाद उन्होंने आरोपी से 25 हजार रुपये मजदूरों को देने के लिए मांगे तो वह टालमटोली करने लगा। बताया नौ अक्टूबर 2023 को आरोपी उन्हें अपने साथ गिट्टी मौरंग खरीदने के लिए ले गया। जहां पर आरोपी ने सुनसान इलाका देखकर उनसे गाली गलौज कर जाती सूचक शब्द कहे। फिर उन्हें बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे वह बेहोश हो गए। आरोप है, कि राजेश उन्हें मृत समझकर पटेल नगर में हाईवे किनारे फुटपाथ पर फेंक दिया। साथ ही जेब मे रखे 40 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि लूट, मारपीट, एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नवाबगंज के 25 हजार लोगों के घर आज भी नहीं पहुंचा जल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा के किनारे बसे एक दर्जन मोहल्लों में पानी की दिक्कत
- जेएनएनयूआरएम योजना के तहत डाली गई लाइन भी बेकार

**अमृत विचार।** गंगा के किनारे बसे कुछ मोहल्ले आज भी प्यासे हैं। यहां ज्योरा मलिन बस्ती, अमरूद मंडी, जागेश्वर, पहलवान पुरवा समेत एक दर्जन मोहल्लों में आज तक घर-घर नल नहीं पहुंचा है। इन क्षेत्रों के लोगों को भूमिगत जल के सहारे ही जीवन यापन करना पड़ता है। पेयजल लाइनें नहीं पड़ने की वजह से गंगा किनारे होने के बाद भी यहां भूमिगत जलस्तर में गिरावट आ रही है। पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू ने बताया कि क्षेत्र की आबादी करीब 50 हजार है। इनमें से 25 हजार जनता पानी की समस्या झेलती है।

हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए जेएनएनयूआरएम योजना के तहत शहर में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। जिसके तहत नई पानी की लाइनें, नए वाटर वर्कस, ओवर हेड टैंक बनाए गए, लेकिन इसके बाद भी शहर की प्यास पूरी तरह से बुझी नहीं है। इस योजना के तहत गंगा बैराज के बगल में स्थित विष्णुपरी में भी पेयजल लाइन डाली गई। लेकिन, लाइनें सफल नहीं हुईं। मुख्य पेयजल लाइनों से आज तक आस-पास के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। एक दर्जन मोहल्लों में तो पेयजल लाइन को पहुंचाया ही नहीं जा सका है।

### शहर में दो हिस्सों में डाली गई पेयजल लाइन

- घरों तक गंगा का पानी पहुंचाने के लिए जेएनएनयूआरएम में दो हिस्सों में प्रोजेक्ट बनाया गया था। इसके तहत कुल 869 करोड़ रुपये खर्च किए गए। योजना के प्रथम फेस में पुराने क्षेत्रों के 67 वार्डों को शामिल किया गया था। इसमें 270 .95 करोड़ रुपये से वाटर वर्कस, फीडर मेन लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट, जोनल पम्पिंग स्टेशन समेत कई कार्य होने थे। अधिकारियों और कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही से लेटलतीफी हुई और योजना की लागत बढ़ते-बढ़ते 394 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसी तरह फेज 2 में शेष बचे 33 वार्डों में 340 करोड़ से रिजरवॉयर, ओवरहेड टैंक आदि बनाने के कार्यों को शामिल किया गया। इस प्रोजेक्ट में भी जमकर अनियमितता बरती गई। जिससे आज भी शहर में पेयजल समस्या है।

> नवाबगंज, विष्णुपुरी में एक दर्जन मोहल्ले ऐसे हैं जहां पेयजल लाइन नहीं पड़ी है। लोग हैंडपंप के सहारे हैं। ज्यादा दिक्कत होती है तो टैंकर मंगवाते हैं। चंद अधिकारियों की वजह से ही समस्या है।
>
> – महेंद्र पांडेय, पार्षद, वार्ड 40

## दो वाहनों से तीन लाख कैश जब्त

**कानपुर।** भौंती चौराहा पर लोकसभा चुनाव की आचर संहिता के मद्देनजर गुरुवार को एसएसटी टीम ने औचक वाहन चेकिंग की। व्यय प्रेक्षक नयन ज्योति नाथ ने दो वाहनों की जांच में एक से 2,04960 व दूसरे से 87000 रुपये की धनराशि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब्त कराई। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के अनुसार 50 हजार से ऊपर नकदी के लिए लेकर चलने पर धनराशि से संबंधित जरूरी कागजात रखना चाहिए। लेकिन संबंधित लोग कागज नहीं दिखा सके। उसी के तहत धनराशि जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि व्यय प्रेक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत एफएसटी और एसएसटी टीम को नियमित जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



सीएसजेएमयू में परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## विवि में सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**कानपुर।** सीएसजेएमयू परिसर में सम-सेमेस्टर की परीक्षाएं गुरुवार को शुरू हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन गुरुवार को लगभग सौ पाठ्यक्रम में 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

सुबह दस से एक बजे और दोपहर दो से पांच बजे के बीच दो पालियों में हुई परीक्षा में छात्रों के केंद्र नहीं बनाए गए हैं। इस बार विवि प्रशासन ने छात्रहित में स्वकेंद्र रखते हुए शिक्षकों की ड्यूटी डट में परिवर्तन किया है। इस बार छात्र अपने विभाग में रहेंगे। निरीक्षक के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी दूसरे विभाग में लगाई गई है। कैम्पस परीक्षा प्रभारी डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## एक विकेट से जीता यशी इलेवन

**कानपुर।** रोवर्स कप के तीसरे सीजन में गुरुवार को खेले गए मैच में यशी इलेवन ने राष्ट्रीय इलेवन को एक विकेट से और मेक माइ ट्रिप ने होमेरा इलेवन को 21 रनों से पराजित किया।

जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान में खेले गए पहले मैच में प्रिंस के 34 रनों की मदद से राष्ट्रीय इलेवन ने 24.5 ओवर में 119 रन बनाए। जवाब में यशी इलेवन टीम ने 21.4 ओवर में 120 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मेक माइ ट्रिप ने बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में सात विकेट पर 180 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी होमेरा इलेवन टीम ने निर्धारित ओवर में 159 रन ही बना सकी।

## यूको बैंक का सालाना कारोबार बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 9.50 प्रतिशत बढ़ा, 4,50,007 करोड़ पहुंचा कारोबार

**अमृत विचार।** यूको बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023 के मुकाबले बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बैंक ने अश्वनी कुमार को नया एमडी और सीईओ नियुक्त किया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023 के मुकाबले कारोबार में लगातार वृद्धि दर्ज कराई है। कुल कारोबार 9.50 प्रतिशत बढ़कर 4,50,007 करोड़ रुपये हो गया है।

मुंबई में हुए कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े कानपुर आंचलिक कार्यालय के आंचल प्रमुख आशुतोष सिंह ने बताया कि बैंक का सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 15.62 प्रतिशत बढ़कर 1,86,877 करोड़ हो गया है। वहीं बैंक का कुल जमा 5.53 प्रतिशत बढ़कर 2,63,130 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक का रैम सेगमेंट सलाना 13.88 प्रतिशत बढ़कर 97516 करोड़ हो गया है। यह वृद्धि खुदरा अग्रिमों में 14.62 प्रतिशत, कृषि अग्रिमों में 13.16 प्रतिशत वृद्धि और एमएसमई अग्रिमों में 13.53 प्रतिशत की वृद्धि से संभव हुई है। बैंक के एनपीए में भी कमी आई है। 31 मार्च तक आस्ति गुणवत्ता में सुधार को सकल एनपीए में 132 बीपीएस की कमी के साथ 3.46 प्रतिशत और निवल एनपीए में 40 बीपीएस की कमी के साथ 0.89 प्रतिशत की कमी के रूप में देखा जा सकता है। नौ वर्षों के बाद बैंक ने अंकित मूल्य के 2.80 प्रतिशत प्रति शेयर की दर से लाभांश घोषित करने की सिफारिश की है। बैंक का वित्तीय वर्ष 2023-24 में परिचालन लाभ 4576 करोड़ रुपये रहा है।

## सार-संक्षेप



सेंट्रल पर निरीक्षण करते एसपी जीआरपी। अमृत विचार

### एसपी जीआरपी ने की अपराध समीक्षा

**कानपुर।** एसपी जीआरपी अष्टभुजा प्रताप सिंह ने गुरुवार को जीआरपी सेंट्रल का निरीक्षण किया। जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था और थाने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक की है। थाने का निरीक्षण किया और आउटर व प्लेटफार्म पर पिकेट की जानकारी ली। ट्रेनों में चल रहे स्काट के बारे में पूछा। मामलों में विवेचनाओं के बारे में संबंधित विवेचक से प्रगति रिपोर्ट ली।

### अवसाद में चल रहे वृद्ध ने दी जान

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में मित्तल नगर के रहने वाले 74 वर्षीय रमाशंकर पांडेय ने बाथरूम में जंगले से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह तीन बेटियों में राधा के साथ रहते थे। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है। इस कारण वह अवसाद में चल रहे थे। बुधवार को राधा किसी काम से बाहर गई थी। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। तभी उन्होंने अकेला पाकर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पिल्ला डॉन को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कानपुर।** बादशाहीनाका थानाक्षेत्र में बुधवार को शातिर अपराधी अमित शर्मा उर्फ पिल्ला डॉन का भाई को डंडे से पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शातिर को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा ली। उस पर शहर के कई थानों में लगभग दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं जिसमें हत्या का प्रयास, लूट, एनडीपीएस और रंगदारी शामिल हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जागी अन्यथा उसे गिरफ्तार नहीं किया जाता।

### मंदिर से दानपात्र और बर्तन चोरी

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के विनायकपुर इलाके में स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार दोपहर पुजारी रामखिलावन मिश्रा मंदिर बंद कर घर चले गए। शाम को पांच बजे जब लौटे और मंदिर खोलकर देखा तो मंदिर में रखा दानपात्र, तांबे के बर्तन और पूजा सामग्री चोरी हो गई थी। उन्होंने स्थानीय सतीश शुक्ला जय श्रीवास्तव को घटना की जानकारी दी।

### लूट के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** कोहना पुलिस ने एलनगंज पुरानी कालोनी के पास से खलासी लाइन निवासी मोहम्मद नादिर उर्फ गुलाम रसूल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि युवक के पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

## घटती गंगा की धार, पैदल की नदी पार...



चिंताजनक के साथ आश्चर्यजनक, सिमटती जलधारा फैलती रेती और पैदल चल कर गंगा नदी पार। यह जल संकट की दस्तक है। प्रचंड गर्मी में गंगा नदी का जल स्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है। लोग पैदल चल कर गंगा नदी की जलधारा को पार कर रहे हैं और दूर तक रेती नजर आ रही। ये हालात जल संकट की भयावह स्थिति से आगाह कर रहे हैं। अधिकारियों ने अगर अभी से इंतजाम नहीं किए तो चंद दिनों बाद शहर में जलसंकट और गहराएगा।

- मनोज तिवारी

## सुधांशु महाराज का जन्मदिन मनाया

**कानपुर।** सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव पर हवन व मंत्रजाप के बाद शिष्यों ने पालकी में सुधांशु महाराज का चित्र रखकर शोभायात्रा निकाली। गुरुकुल में ऋषिकुमारों को रामायण की प्रतियां भेंट की गईं।

बिठूर स्थित सिद्धिधाम आश्रम बैकुंठपुर में सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव आचार्य रजनीश के सानिध्य में मनाया गया। शिष्यों ने सबसे पहले उनकी दीर्घायु की कामना के लिए हवन व मंत्र जाप किया। इसके बाद फूलों से सजी पालकी में सुधांशु महाराज का चित्र रखकर गुरुकुल के ऋषिकुमारों ने बैंड की ध्वनि के साथ शोभायात्रा निकाली। वृक्षारोपण के बाद शिष्यों ने एक फिल्म के माध्यम से सुधांशु महाराज के जीवन दर्शन किए। अल्का निगम ने गुरुकुल के ऋषिकुमारों को रामायण की प्रतियां भेंट कीं।

# सुरक्षा से जुड़े शोध सेना ने परखे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी आईआईटी के अविष्कारों का निरीक्षण करते हुए।

- आईआईटी कानपुर में उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किया दौरा

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में गुरुवार को देश की सुरक्षा से जुड़े शोध कार्यों को सेना के अधिकारियों ने परखा। देश की सुरक्षा के लिए बनाए उपकरण को भी प्रदर्शित किया गया। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ संस्थान के विशेषज्ञों ने भी देश की सुरक्षा और चुनौतियों पर चर्चा की।

आईआईटी कानपुर में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस), एडीजी मेजर जनरल सीएस मान और अन्य उच्च पदस्थ सेना अधिकारियों ने संस्थान का दौरा किया। स्वागत आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिन्द्र अग्रवाल और प्रोफेसर कांतेश बलानी, फैकल्टी-इंचार्ज, आर्मी सेल, आईआईटी कानपुर ने किया। दौरे के दौरान सेना के अधिकारियों व आईआईटी कानपुर के रक्षा-संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले फैकल्टी सदस्यों के बीच चर्चा हुई। प्रोफेसरों ने संस्थान में चल रही रक्षा परियोजनाओं का आईआईटी कानपुर की अनुसंधान क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आईआईटी कानपुर में डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमिया सीओई के निदेशक संजय टंडन ने उद्योग-अकादमिक साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। फैकल्टी सदस्यों ने तकनीकों का प्रदर्शन किया। टीम ने आईआईटी कानपुर में सी3आई हब और फ्लेक्सई सेंटर का भी दौरा किया।

हेल्थ अलर्ट — पांच वर्ष पहले 50 वर्ष या अधिक उम्र के लोग इस रोग से पीड़ित मिलते थे

# शराब और वर्क फ्रॉम होम से बढ़ रहा लिवर सिरोसिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब 30 से 35 साल के युवाओं को हो रही यह बीमारी



**अमृत विचार।** जवानी की दहलीज पर पहुंचते ही शराब के नशे में चूर होना युवाओं को लिवर सिरोसिस का रोगी बना रहा है। 50 साल की उम्र में होने वाली फैटी लिवर की समस्या अब 20 वर्ष की उम्र से ही लोगों को हो रही है। यह बदलाव लोगों में कोरोना के बाद अधिक देखने को मिल रहा है। क्योंकि इन तीन से चार सालों में शराब के अलावा वर्क फ्रॉम होम से भी फैटी लिवर की परेशानी 20 से 35 साल तक के युवाओं में 60 प्रतिशत बढ़ी है।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में आने वाले सौ में से 50 मरीज फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त मिल रहे हैं, जिनमें 60 प्रतिशत युवा हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने बताया कि पांच साल पहले लिवर सिरोसिस से ग्रस्त 50 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र लोग मिलते थे। लेकिन अब 30 से 35 साल के लोग भी सिरोसिस से ग्रस्त मिल रहे हैं। इसका मुख्य कारण कम उम्र में और अधिक मात्रा में युवाओं द्वारा शराब का सेवन करना है।

30 वर्ष की उम्र तक पहुंचने पर उनका लिवर खराब होने लगता है। कोविड के बाद युवाओं में फैटी लिवर की समस्या अधिक देखने को मिल रही है।

बताया कि फैटी लिवर ग्रेड-एक तो आम है, लेकिन ग्रेड-दो और ग्रेड-तीन चिंता की बात है। ग्रेड दो और ग्रेड तीन में कई युवा शामिल मिल रहे हैं। समय पर इलाज न कराने पर स्थायी तौर पर लिवर खराब भी हो सकता है।

### 11 से 19 साल के बच्चे भी बीमारी से ग्रस्त

- लॉकडाउन के बाद लोगों की शारीरिक गतिविधियां न के बराबर हो गई थी। लोगों ने वर्क फ्रॉम होम किया। वर्क फ्रॉम होम करने वालों में फैटी लिवर की समस्या अधिक बढ़ी है। इसके अलावा फास्ट फूड, जंक फूड, ऑयली व मैदे से बनी चीजों का अधिक सेवन और व्यायाम न करने आदि वजह से भी यह समस्या बढ़ी है। इन सब चीजों के सेवन से पांच से 10 प्रतिशत बच्चे, जिनकी उम्र 11 से 19 वर्ष तक वह भी लिवर फैटी से ग्रस्त मिल पाए गए हैं।

### पेट में दाहिनी तरफ भारीपन तो तुरंत दिखाएं

- डॉ .विनय कुमार ने बताया कि फैटी लिवर में पेट में दाहिनी तरफ हल्का भारीपन, खाना खाने के बाद मिचली आना, काम करने की क्षमता कम होना आदि समस्या होने लगती है। ऐसे में एहतियात के तौर पर 300 से 400 ग्राम फाइबर का सेवन रोज करना चाहिए। इसमें फल व सलाद जरूर शामिल करें। नियमित व्यायाम करें व योग करें। उन्होंने कहाकि बिना डॉक्टर की सलाह से अपने मन से कोई दवा न लें। ऐसा करना गलत है।

### मुख्य लक्षण

- भूख का कम लगना
- शरीर में कमजोरी लगना
- सिर व पेट दर्द, उल्टी आना
- हल्का बुखार होना
- जोड़ों में दर्द रहना

### ऐसे करें बचाव

- वजन को नियंत्रित रखे।
- व्यायाम और संतुलित आहार लें।
- शारीरिक सक्रियता बनाए रखें।
- शराब का सेवन करने से बचें।
- बिना डॉक्टर के परामर्श से दवा न लें।

## चाबी बनाने आए, पार किए जेवर, रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवई नगर एन ब्लॉक निवासी संजय कुमार अरोड़ा का बिरहाना रोड पर साइकिल का कारोबार है। उन्होंने बताया कि पत्नी डॉ रेणुका अरोड़ा पीपीएन डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर हैं। पत्नी ने अलमारी की दूसरी चाबी बनवाने के लिए गली में घूम रहे दो कारीगरों को घर में बुला लिया। दोनों चाबी बनाने लगे और पत्नी दूसरा काम करने लगीं। इस दौरान दोनों कारीगरों ने लॉकर से सोने के जेवर पार कर दिए। जाते समय दोनों ने पत्नी से कहा अलमारी का लॉक सेट किया है और करीब एक घंटे तक अलमारी में चाबी न लगाना। करीब एक घंटे बाद जब पत्नी ने जब लॉक खोला तो जेवर गायब मिले। उनके पति ने किदवई नगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि चोरों की फुटेज मिली है, इसके आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# चार लेयर के सुरक्षा घेरे में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**पीएम मोदी कल शहर में**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने विशेष खाका तैयार किया है। रोड शो अभेद सुरक्षा घेरे में रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार लेयर की सुरक्षा में रहेंगे। गुरुवार को भी दिन-रात रोड शो के मार्ग को सजाने का कार्य चलता रहा। एसपीजी ने पूरे रोड शो के इलाके का जायजा लिया।

उनके रोड शो के वाहन के आसपास वही गाड़ियां चल पाएंगी जिनके लिए पीएमओ से पास मिले हैं। सुरक्षा में लगी चार गाड़ियां दिल्ली से ट्रेन से भेजी गई हैं। उसके अलावा पांच फ्लीट बनाने के लिए कहा है, जिसके लिए 150 गाडियों का इंतजाम किया गया है। एसपीजी के पांच अधिकारी, 28 कमांडो की टीम कानपुर में लगातार रूट चेक कर रही है। चार फ्लीट प्रधानमंत्री और एक फ्लीट मुख्यमंत्री की रहेगी। इमरजेंसी के लिए चार फ्लीट अलग तैयार की गई हैं।

**पहली लेयर में एसपीजी और एनएसजी कमांडो:** सुरक्षा की पहली लेयर में एसपीजी और एनएसजी कमांडो होंगे। दूसरी लेयर में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के साथ चल रही सुरक्षा और इंटेलीजेंस के लोग होंगे। तीसरी लेयर में एटीएस और एसटीएफ के कमांडो को लगाया गया है। चौथी लेयर में पीएसी की तैनाती होगी। पूरे रूट पर लोकल पुलिस कर्मी भी रहेंगे। गुरुवार शाम को पुलिस ब्रीफिंग में पुलिस कर्मियों को ड्यूटी प्वाइंट की जानकारी दी गई। सभी को उनके ड्यूटी प्वाइंट को जल्दी से जल्दी देखने के लिए कहा गया।



### 25 ड्रोन रखेंगे नजर

25 ड्रोन रोड शो वाले स्थानों की हर घर की छत और बॉल्कनी पर नजर रखेंगे। सभी से घर की छतों और बॉल्कनी को साफ रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। यदि चेकिंग के बाद किसी के घर की छत पर बोतल, ईंट, मलबा आदि मिलता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### एटीएस के 90 कमांडो टेलीस्कोप गन के साथ रहेंगे

- एटीएस के 90 कमांडो टेलीस्कोप गन के साथ कानपुर आ चुके हैं। इन जवानों की ड्यूटी बॉल्कनी या रूफटॉप पर भी लगाई जाएगी। इनके पास बाइनाकुलर और हैंडसेट होंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर उत्तरप्रदेश के कई जिलों से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। 100 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, 165 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर, 15 बम डिस्पोजल स्क्वॉड, 6 स्निफर डॉग्स, विस्फोटक गंध विशेषज्ञ शहर आ चुके हैं

### रोड शो में ये चीजें रहेंगी प्रतिबंधित

- लेजर टार्च। - काले रंग के कपड़े, छाता कैप या रूमाल। - माला (फूल की या प्लास्टिक की)। - पानी, कोल्डड्रिंक या किसी भी तरह की बोतल।

### तीन सौ घरों को नोटिस होटल-गेस्ट हाउस खंगाले

- सुरक्षा की दृष्टि से रोड शो के दौरान एक किलोमीटर के दायरे में जो भी मकान और प्रतिष्ठान आ रहे हैं, उनमें से तीन सौ घरों को सुरक्षा एजेंसियों ने नोटिस जारी की है। नोटिस में कहा गया है, कि चार मई तक अगर आपके घर कोई मेहमान आ रहा हो तो उसे चार मई के बाद आने के लिए कहें। किसी भी घर में कोई नया आदमी नहीं रहना चाहिए। जो मेहमान किसी के घर में पहले से आए हैं उन्हें या तो चार दिन के लिए आस पास के मोहल्ले में शिफ्ट कर दें या इसकी पूरी जानकारी लोकल इंटेलीजेंस यूनिट को दें। पुलिस ने आसपास के कई किमी तक के सभी होटल-गेस्ट हाउस खंगाल लिए हैं। चार मई तक होटलों और धर्मशाला में किसी नए यात्री को न आने के लिए कह दिया गया है।



जानकारी देते निर्दलीय प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा, साथ में जनसंघ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश दीक्षित समेत अन्य। अमृत विचार

## जनता की समस्याओं को दूर करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा धर्म की आड़ में राजनीति की रोटी सेंकने का काम कर रही है। भाजपा ने विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व लोगों के हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस, सपा व बसपा ने हमेशा अपना हित ही देखा है। लोकसभा चुनाव में साथ मिलने पर जनता की समस्याओं को दूर किया जाएगा। यह बात प्रेसवार्ता में निर्दलीय प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा ने कही। सर्वोदय नगर स्थित सनातन वैदिक रामराज परिषद के कार्यालय में कानपुर नगर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा ने प्रेसवार्ता की। जनसंघ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश दीक्षित, संरक्षक एसपी चतुर्वेदी, स्वतंत्र प्रकाश चतुर्वेदी, राजीव अग्निहोत्री, अशोक गुप्ता आदि लोग रहे।



देवेंद्र सिंह भोले और विधायक अभिजीत सिंह सांगा का स्वागत किया गया।

### भोले को 5 लाख वोटों से जिताना है:सांगा


**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने विधायक अभिजीत सिंह सांगा के साथ बिठूर विधानसभा के कोठी अवधविला, परगही, कुरसौली, लोधर, टिकरा, झखरा सम्भलपुर, सुरार, दूल भूल, खानपुर, मंगलीपुर क्षेत्रों में व्यापक जन सम्पर्क किया। इस दौरान सांगा ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। सांगा ने कार्यकर्ताओं से कहा अकबरपुर लोकसभा पांच लाख से ज्यादा मतों से जिताना है। प्रत्याशी भोले ने केंद्र, प्रदेश की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पीएम मोदी के चौतरफा विकास, मुख्यमंत्री योगी की कानून व्यवस्था की चर्चा आज देश में ही नहीं देश के बाहर भी हो रही है। सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के में पहुंचने के लिये कहा। जन सम्पर्क में पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, कृष्ण स्वरूप मिश्रा , मनोज सिंह, बृजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्कर शुक्ला, आकाश वर्मा, सचिन तिवारी साथ रहे। घाटमपुर विधानसभा के अनूपपुर मोड़ पर जनसभा में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा हमारे प्रत्याशी भोले को भारी मतों से जिताने के लिए अभी से सभी लोग कमर कस लें। यहां विधायक सरोज कुरील, स्वप्निल वरुण, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान, विजय सचान, कमलेश त्रिवेदी रहे।



जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### उच्च श्रेणी की नागरिक सुविधाएं देंगे: रमेश अवस्थी

**कानपुर।** भाजपा कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने कहा कि कानपुर के लोगों को उच्च श्रेणी की नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। यहां के उद्योगों, व्यापारियों और मजदूर भाइयों की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध योजना बनाकर किया जाएगा। दोहराया कि यहां के लोग ही विकास योजनाओं का माडल तैयार करेंगे। इसके लिए रायशुमारी की जाएगी और टोलफ्री नम्बर जारी किया जाएगा। जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड-7 पीला पुल चौधरी चरण सिंह कॉलोनी से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में गौरव तिवारी मंडल अध्यक्ष, दीपू पासवान मंडल महामंत्री, विपुल त्रिवेदी मंडल उपाध्यक्ष, सुनील नारायण भाजपा जिला महामंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय कपूर मौजूद रहे। इसके बाद जनसंपर्क का काफिला विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आवास पर पहुंचा। गोविंदनगर विधानसभा क्षेत्र में आईआईए भवन में व्यापारी वर्ग के लोगों से उन्होंने भाजपा के पक्ष में 13 मई को भारी मतदान की अपील की। रेल बजार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहुंचा जहां पर चुनावी रणनीति बनाने को लेकर बैठक हुई।



इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

### सात मई को अखिलेश यादव रमईपुर में करेंगे जनसभा

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी राजाराम पाल ने गुरुवार को मैथा बाजार में बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण के के बाद मैथा कार्यालय का उद्घाटन किया। उसके बाद जनसभा में सात मई को रमईपुर में होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आने की घोषणा की। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल ने मैथा बाजार में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान बचाने की शपथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ली। कहा कि इस बार अकबरपुर लोकसभा की जीत में अकबरपुर रनिया विधानसभा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होगा। सात मई को इंडिया गठबंधन की विशाल महारैली रमईपुर में होगी, जिसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कहा कि अगर जनता इस बार मौका देती है तो रनिया इंडिस्ट्रयल एरिया के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ेगी। अकबरपुर बाराजोड़ टोल प्लाजा के आस-पास 30-35 किलोमीटर में रहने वाले ग्रामीणों व जनता के लिए टोल माफ कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पूर्व एमएलसी कल्लू यादव, नीरज सिंह गौड़, पूर्व मंत्री कुलदीप संखवार, अम्बरीश सिंह गौड़, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष बीएन पाल, पूर्व सांसद संजय सिंह, कानपुर देहात सपा जिलाध्यक्ष बबलू राजा, सपा विधानसभा अध्यक्ष यदुनंदन सिंह, चेयरमैन विटान दिवाकर, रामकिशोर दिवाकर समेत आदि लोग रहे।

# शंखनाद और मंत्रों से मोदी का होगा स्वागत

## 4 मई को प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए ब्लॉक बनना शुरू, फर्स्ट टाइम वोटर्स का भी बनाया जाएगा ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोडशो के रूट को संवारने के लिये युद्धस्तर पर काम जारी है। गुरुवार दोपहर से गुमटी गुरुद्वारे से संतनगर चौराहा की तरफ जाने वाले मार्ग पर ब्लॉक बनना शुरू हो गये। वहीं, दोनों ओर से कारों की आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया है। इसके लिये शाम को क्रासिंग भी बंद कर दी गई। भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार पीएम मोदी का स्वागत शंखनाद और वैदिक मंत्रों के साथ होगा। रोड शो में पहली बार मतदान करने जा रहे वोटर्स के लिये भी ब्लॉक बनाया जा रहा है। रूट संवारने के लिए नगर निगम, केस्को, जलकल और अन्य विभागों के अधिकारी रात-दिन जुटे हैं।

गुरुवार से रूट पर 40 ब्लॉक बनाए जाने लगे हैं। एक ब्लॉक में करीब दो हजार लोग खड़े हो सकेंगे। एक सड़क पर पीएम का रोडशो चलेगा, जबकि संतनगर से रेलवे क्रॉसिंग की तरफ आने वाली सड़क पर जनता के खड़े होने के लिए ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों के मुताबिक जहां से रोड शो शुरू होगा, वहां पहले ब्लॉक में वैदिक रीतियों से स्वागत करने के लिए वेदाचार्य मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के आते ही वैदिक मंत्रों से उनका स्वागत करेंगे। इस दौरान पुष्प वर्षा भी होगी। गुरुवार को प्रधानमंत्री के रोडशो में आने के लिए मंगलामुखी मन्नत मां ने अन्य किन्नर समाज और भाजपा महिला नेताओं के साथ दुकानदारों को अक्षत देते हुए शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सभी दुकानदारों को पीले अक्षत वितरित किए गए। अक्षत वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, आनंद मिश्रा, लोकसभा मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, वात्सेय त्रिपाठी, किन्नर समाज की नेहा मां मंजू, मां मारुति कपूर, अनीता कपूर समेत अन्य मौजूद रहे।



किन्नरों ने पीले चावल बांटकर रोड शो में आने का आमंत्रण दिया। अमृत विचार



रोड शो के रूट का निरीक्षण करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### 300 फ्लड लाइटों से जगमग होगी गुमटी

- पीएम का रोड शो गुमटी क्रासिंग से संत नगर तिराहा के बीच 1100 मीटर में होना है। इस मार्ग पर 300 फ्लड लाइटें लगाई हैं, जो रोड शो मार्ग को रोशन करेंगी। इन लाइटों को इवेंट कंपनी ने लगवाया है। हरजिंदर नगर से गुमटी के बीच जहां-जहां रोड लाइटें खराब थीं, उनकी मरम्मत कराई गई। कुछ को बदला गया है।

### रात में भाजपाइयों ने डाला डेरा

मोदी के रोड शो की तैयारियों को पूरा कराने के लिये भाजपा पदाधिकारियों ने रात में डेरा डाल दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल लखनऊ से करीब 11 बजे सीधे रूट स्थल पर पहुंचे। इस दौरान अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले 10 .30 बजे तक 13 ब्लॉक बनकर तैयार हो गये थे। कुल 37 ब्लॉक बनाये जाने है। पदाधिकारियों के अनुसार पूरी रात काम चलेगा। मीडिया के लिये संतनगर चौराहे पर ब्लॉक बन रहा है।



डिवाइडर रंगे जा रहे।

### एनडीए के सहयोगी दलों ने बांटे चावल

- पीएम मोदी के रोड शो के लिये गुरुवार को एनडीए के सहयोगी दलों अपना दल, सुभासपा, निषाद पार्टी के नेताओं ने भी पीले चावल देकर आमंत्रण बांटा। टोली में सुरेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नवीन श्रीवास्तव, मो. उस्मान, प्रभात त्रिपाठी, राज निषाद, आकाश द्विवेदी, हर्ष शुक्ला, सूरज मिश्रा, सत्य प्रकाश गुप्ता, आकाश श्रीवास्तव, बबलू कश्यप, अनुराग पांडे, सनी कुमार आदि रहे।

### चार सेफ अस्पताल बनाए

- पीएम की पहली फ्लीट में डॉक्टर व फार्मासिस्ट समेत छह स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे। दूसरी फ्लीट में डॉक्टरों समेत पांच कर्मी, मुख्यमंत्री की फ्लीट में डॉक्टरों समेत पांच कर्मी, वीवीआईपी फ्लीट में डॉक्टर समेत चार लोग और कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों समेत आठ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे। कांशीराम अस्पताल, हैलट, मरियमपुर और हृदय रोग संस्थान को सेफ अस्पताल बनाया गया है। सीएमओ डॉ .आलोक रंजन ने बताया कि डॉक्टरों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कोई भी चिकित्साधिकारी मोबाइल नहीं ऑफ करेगा।

## वोट जरूर डालें डलवाएं भी

**कानपुर।** कल्याणपुर विधानसभा स्थित सूरी शूज फैक्ट्री में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम हुआ। जिसमें अपर नगर मजिस्ट्रेट छह ने लोगों को लोकसभा चुनाव से संबंधित जानकारी दी। वोटरों से 13 मई को मतदान के लिए प्रेरित किया। अपर नगर मजिस्ट्रेट छह ऋतुप्रिया ने कहा कि 13 मई को ज्यादा से ज्यादा लोग घरों से निकलें और मतदान करें। खुद मतदान करने के साथ आसपास के लोगों को भी बूथ तक भेजें। उन्होंने वोटरों से कहा कि शत प्रतिशत मतदान सभी की भागीदारी से ही संभव होगा। स्वीप कार्यक्रम में फैक्ट्री में काम करने वाले लगभग 400 लोगों ने सहभागिता की और चुनाव से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां लीं। इस मौके पर अपर नगर मजिस्ट्रेट के साथ डॉ. विवेक वर्मा, सूरी शूज फैक्ट्री के करण सूरी, राजेंद्र यादव आदि रहे।



इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

## आलोक ने व्यापारियों से किए 21 वादे

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थन में व्यापारी रथ की शुरूआत गठबंधन के झंडे लहरा की गई। वरिष्ठ व्यापारी नेता पवन गुप्ता, महेश मेघानी व अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में रथ बिरहाना रोड, सागर मार्केट, कैनाल रोड, एक्सप्रेस रोड, नयागंज समेत आदि क्षेत्रों में घुमा।

खुदरा व्यापारियों को भाजपा सरकार में हुए उनके उत्पीड़न के बारे में बताया जाएगा। आलोक मिश्रा के 21 वादे भी सबको बताए जाएंगे। आलोक मिश्रा ने वादे किए कि वह व्यापारियों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए लड़ेंगे। रेहड़ी, पटरी और छोटे दुकानदारों को उनके अधिकार दिलाएंगे। छोटे और लघु कुटीर उद्योग करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन दिलाया जाएगा। व्यापारियों को सुरक्षा दिलवाने के सभी बाजारों में सीसीटीवी लगाएं जांएगे। ऑनलाइन व्यापार पर टैक्स और उससे खुदरा व्यापारियों को राहत दिलवाने की आवाज बुलंद की जाएगी।

# ईवीएम-वीवीपैट की आज होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेकेंड रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम-वीवीपैट गुरुवार को नौबस्ता गल्लामंडी भेज दी गईं। मंडी में शुक्रवार से अधिकारियों की मौजूदगी में कमीशनिंग (चालू करके देखा जाएगा) का काम होगा। इसके बाद 12 मई से विधानसभावार बूथों पर मशीनें भेजी जाएंगी।

सरसैयाघाट स्थित वेयर हाउस में गुरुवार को सेकेंड रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम व वीवीपैट की विधानसभावार पैकिंग की गई। दोपहर बाद मशीनों को अधिकारियों की निगरानी में ट्रकों से गल्ला मंडी भेजा गया।

गुरुवार को बिठूर, बिल्हौर, कल्याणपुर और गोविंदनगर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम और वीवीपैट भेजे गए हैं। बाकी छह विधानसभाओं की मशीनें भेजने का काम चालू हैं। शुक्रवार को गल्ला मंडी में ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग होगी। मशीनों में खामियां मिलने पर रिवर्ज मशीनों से उन्हें बदला जाएगा। मशीनों की पैकिंग में लगे अधिकारियों ने बताया कि कमीशनिंग की प्रक्रिया करीब चार दिन चलेगी। इसके बाद मशीनों को पैक किया जाएगा। मतदान से एक दिन पहले 12 मई को ईवीएम व वीवीपैट को विधानसभावार बूथों पर भेजा जाएगा।



वेयर हाउस में ईवीएम की पैकिंग की गई। अमृत विचार

- वेयर हाउस में सेकेंड रेंडमाइजेशन का काम पूरा
- ईवीएम और वीवीपैट की पैकिंग की गई

**चुनावी कसरत** | महाराजपुर से निकलेगा काफिला, गोविंद नगर होते हुए लौटेगा, सिख समाज से करेंगे भेंट, गुमटी से कालपी रोड तक होगा रोड शो

# रोड शो में सात विधानसभाओं को स्पर्श करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी 4 मई को गुमटी गुरुद्वारे से कालपी रोड तक रोड शो करेंगे। वह इस दौरान शहर की सात विधानसभाओं को स्पर्श करेंगे। पीएम मोदी का काफिला चकेरी एयरपोर्ट से निकलेगा जो जीटी रोड होते हुए रामादेवी चौराहा, टाट मिल चौराहा से सीधा गुमटी गुरुद्वारा पहुंचेगा। गुरुद्वारे में माथा टेक वह सिख समाज के लोगों से भेंट करने के साथ ही रोड शो की शुरुआत करेंगे। कालपी रोड पर रोड शो खत्म होते ही व जरीब चौकी होते हुये वापस चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेगे। इस दौरान वह सात विधानसभा सीटों से गुजरेंगे। क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर और अकबरपुर लोकसभा की सात विधानसभाओं को स्पर्श करते हुए कानपुर की जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। प्रधानमंत्री रोड शो के माध्यम से कानपुर के मतदाताओं से रूबरू होंगे। रोड शो गुमटी से शुरू होगा जो गुमटी बाजार होते हुए संत नगर चौराहे से बाएं मुड़कर खोया मंडी कालपी रोड पर खत्म होगा। इसके बाद पीएम जीटी रोड जरीब चौकी, अफीम कोठी, टाट मिल होते हुए चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पाल ने कहा कि इस प्रकार कानपुर और अकबरपुर लोकसभा की महाराजपुर विधानसभा, छावनी विधानसभा, किदवई नगर, आर्य नगर, सीसामऊ, गोविंदनगर और कल्याणपुर विधानसभा को नरेंद्र मोदी स्पर्श होगी।



बैठक में बाएं से सुरेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सलिल विश्नोई, दीपू पांडे, अरुण पाठक, सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

### जिलाध्यक्ष ने बैठक कर तय की रणनीति

कानपुर। उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने गुरुवार को विधायकों के साथ बैठक की और पीएम मोदी के कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान प्रेसवार्ता कर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो इतिहास रचने का कार्य करने जा रहा है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य विधान परिषद सलिल बिश्नोई, अरुण पाठक, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, सुरेश अवस्थी, अनूप अवस्थी, अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, आनंद मिश्रा, वात्सेय त्रिपाठी रहे।

# आग से दर्जन भर दुकानें जलीं, धमाके से हड़कंप

संवाददाता, सरसौल


सरसौल में मिठाई की दुकान से भड़की आग। अमृत विचार


नुकसान का सर्वे करने पहुंचे लेखपाल को दुकानदारों ने सुनाई व्यथा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बे में बुधवार की देर रात हाईवे किनारे लगभग एक दर्जन दुकानों में भीषण आग लग गई। आग मिठाई की एक दुकान में शार्ट सर्किट के चलते लगी और देखते ही देखते अगल-बगल की एक दर्जन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का सामान जल गया।

सरसौल के विनोद साहू की हाईवे के किनारे मिठाई की दुकान है। बुधवार की रात करीब 11 बजे दुकान के अंदर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक लोग आग बुझाने का इंतजाम कर पाते, आग ने अगल-बगल की कई दुकानों को चपेट में ले लिया। इस दौरान लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड के जवानों को भी पसीना छूट गया। इस दौरान मिठाई की दुकान में रखे कई गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। आग से राजेंद्र की साइकिल की दुकान, राजकुमार साहू की भरभूजे की दुकान, मुन्नालाल की चाय की दुकान, कल्लू का सैलून, आदित्य की दुकान, हरिओम कुशवाहा के चाय-नाश्ते का होटल, सब्जी फल विक्रेता गोपाल, राजू सविता के सैलून की दुकान, फल विक्रेता अमन और राजकिशोर आदि की दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा।

### लेखपाल ने किया नुकसान का सर्वे

गुरुवार की सुबह नर्वल एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने आग लगने से व्यापारियों को हुए नुकसान का आकलन किया और प्रशासन की ओर से हर संभव आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

### व्यापारियों ने उठाई मुआवजे की मांग

व्यापारी नेता महेश वर्मा ने कहा कि आग लगने से 11 दुकानदार प्रभावित हुए हैं, जिनका लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रशासन से इन व्यापारियों के लिए मुआवजे की मांग की गई है।

# जंगल में आग, गेहूं की फसल बची

संवाददाता, शिवराजपुर


घटनास्थल पर मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार दोपहर शिवराजपुर-सखरेज मार्ग के टकटौली गांव के पास नहर किनारे जंगल में आग लग गई। देखते-देखते नहर के किनारे खड़े खर-पतवार और सूखे पेड़ जलने लगे। आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि नहर के आसपास करीब 100 मीटर तक आग फैल गई। नहर के पास गेहूं की फसल बचाने के लिए किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

क्षेत्र के टकटौली और उसके आसपास गेहूं की फसल की कटाई और मढ़ाई इस समय जोरों पर चल रही है। किसान खेतों पर ही अपनी फसलों की कटाई-मढ़ाई में जुटे हैं। गुरुवार दोपहर बाद टकटौली गांव के पास से गुजरी नहर के किनारे जंगल में आग लग गई। किसान जब तक आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास मौजूद किसानों ने डंडे और नहर के पानी के सहारे आग को बुझाने का प्रयास किया।

- फसल बचाने के लिए एकजुट होकर जूझते रहे किसान
- समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर पाया काबू

ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसानों की मदद से आग को बुझाया। किसानों ने बताया कि अगर फायर ब्रिगेड देर से आती तो उनका कटा पड़ा गेहूं आग में जल जाता। फसल बचाने के लिए सैकड़ों किसान डंडे और नहर के पानी से आग को बुझाने का लगातार प्रयास करते रहे।

## एक नजर

### आचार संहिता उल्लंघन में प्रमुख प्रतिनिधि पर रिपोर्ट

**बिल्हौर।** ककवन ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि विनय यादव पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मजिस्ट्रेट की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि एक मई को विकास खंड कार्यालय में श्रमिक दिवस के मौके पर तमाम महिलाओं और श्रमिकों को बगैर अनुमति वस्त्र भेंट किए गए, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। इसकी शिकायत के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार की तहरीर के आधार पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विनय यादव समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष हैं।

### वारंटियों को भेजा जेल

**चौबेपुर।** विभिन्न मामलों में वांछित तीन लोगों को पुलिस ने बुधवार रात गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के चिटिकपुर गाँव निवासी संतराम उसकी पत्नी उषा देवी व पुत्र करन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होने के पश्चात तीनों ही लोग लंबे समय से फरार चल रहे थे। बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक सुरेश कुमार, विपिन कुमार, योगेंद्र सिंह, राखी व अल्पना सिंह ने तीनों वारंटियों को उनके घर से ही गिरफ्तार किया।

# हादसे पर भड़का गुस्सा, कार में तोड़फोड़

## अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी के काफिले में चल रही थी ब्लाक प्रमुख की कार, बाइक सवार दो युवक घायल

संवाददाता, बिठूर


घायल का इलाज करते डॉक्टर।


हादसे के बाद ब्लाक प्रमुख की कार में तोड़फोड़ करते गुस्साए लोग। अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के टिकरा गांव के पास अकबरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के काफिले में शामिल चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख की कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे से लोगों में गुस्सा भड़क गया और पथराव के साथ तोड़फोड़ हुई। गांव वालों ने ब्लाक प्रमुख की गाड़ी पर गुस्सा उतारा और शीशे आदि तोड़ दिए। गुस्साए ग्रामीणों की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है।

बताते हैं कि टिकरा गांव का रहने वाला नसीर (30) पुत्र मुलाजिम फतेहपुर गांव के रहने वाले अपने साथी सरवन (30) पुत्र सुभाष कमल के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान अकबरपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की गाड़ियों का काफिला गुजरा। ओवरटेक करने के प्रयास में चौबेपुर ब्लाक प्रमुख की कार से बाइक में टक्कर लग गई, जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही गांव वालों की भीड़ एकत्र हो गई।

- एक घायल की हालत गंभीर हैलट रेफर किया गया
- ग्रामीणों ने कार पर उतारा गुस्सा, पुलिस से झड़प

घायलों की हालत देखकर गांव वालों में गुस्सा भड़ गया। लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और चौबेपुर ब्लाक प्रमुख की कार के शीशे तोड़ डाले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया तो झड़प हो गई। बाद में पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए घायलों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### भीड़ से बचने को जान बचाकर भागे ब्लाक प्रमुख

काफिले में चल रही फॉर्च्यूनर गाड़ी से बाइक में टक्कर लगने और गांव के नसीर की हालत गंभीर देख लोगों का गुस्सा भड़क गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने फॉर्च्यूनर गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख की पिटाई करने की कोशिश की तो वह जान बचाकर भागे। सूचना के बाद भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को संभाला। बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ियों को पुलिस कस्टडी में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने कार को अपनी कस्टडी में लिया

हादसे के बाद स्थानीय पुलिस की ओर से अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के काफिले में शामिल थी, जो पीछे चल रही थी। कार में पीछे ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर लिखा है। घायलों के परिजनों ने गाड़ी का पिछला शीशा और साइड मिरर तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा डाल दे दी जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के कोटरा गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालात में बल्ली के सहारे फंदा डालकर जान दे दी। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोटरा गांव के रहने वाले किशन कुमार के 28 वर्षीय पुत्र विनोद ने गुरुवार की दोपहर दो बजे अपने ही घर की छत पर निर्मित खपरैल की बल्ली में मच्छरदानी के सहारे फांसी लगा ली, जिसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के समय परिवार वाले घर में नीचे थे। पत्नी सुनैना भोजन बना रही थी। विनोद चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

बताते हैं कि युवक की शादी लगभग नौ साल पहले हमीरपुर के बेरी गांव में हुई थी। उसकी सात वर्षीय बेटी प्रिया है। विनोद एक सप्ताह पहले अपनी पत्नी और बिटिया के साथ ससुराल से लौटा था। खाना बनाने के बाद छत पर पहुंची पत्नी सुनैना ने पति को फांसी लटका देखा तो जोर से चिल्लाई। परिजन व मुहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- घटना के समय घर में खाना बना रही थी पत्नी
- एक हफ्ते पहले बेटी- पत्नी के साथ ससुराल से लौटा था

### पेड़ पर लटका मिला फतेहपुर की युवती का शव

दूसरी घटना भी सजेती थाना क्षेत्र के असवारमऊ गांव में हुई। यहां फतेहपुर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव के रहने वाले सुनील कुमार की 18 वर्षीय बेटी आरती का शव जंगल के पेड़ पर लटका मिला। मामले की सूचना पर सजेती पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन कर परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया कि फांसी लगाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रेप पीड़िता बहू को घर में नहीं दी पनाह

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में करीब दो हफ्ते पहले देवर की हवस का शिकार बनी बेवा को ससुरालीजन अब घर में घुसने नहीं दे रहे हैं। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से कर न्याय की गुहार लगाई है।

महिला के पति की करीब एक वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद वह अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ ससुराल में रह रही थी। करीब दो हफ्ते पहले उसके देवर ने उसके साथ उस समय दुराचार किया, जब घर के सभी सदस्य पड़ोसी के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। महिला घर पर अकेली थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल व जांच पड़ताल के बाद दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। तब से ससुराल वाले उससे खिन्न हैं।

### पुलिस से गुहार

- रात भर बेटे के साथ दरवाजे पर बैठी रही पीड़िता
- पुलिस पहुंची, मगर ताला बंद कर भागे ससुराली

घटना के बाद पीड़िता अपने मायके चली गई थी। करीब दो हफ्ते बाद वह बच्चे की पढ़ाई के लिए जब बुधवार को जब गांव लौटी, तो ससुरालीजनों ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। महिला रात भर बेटे के साथ घर के बाहर बैठी रही। सुबह मामले की शिकायत 112 नंबर पर की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। ससुराल वाले घर में ताला बंद कर भाग गए हैं। तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीआरएम ने स्टेशन का देखा हाल

संवाददाता, घाटमपुर


घाटमपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम दीपक सिन्हा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीआरएम ने गुरुवार को घाटमपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और यात्रियों की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रेल लाइन के दोहरीकरण के काम की समीक्षा की। इसके बाद वह भीमसेन और फिर झांसी के लिए रवाना हो गए।

रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा रेलवे स्टेशन पर चल रहे दोहरीकरण के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं को देखा। ठंडे पानी आदि की व्यवस्थाएं देखीं। मंडल रेल प्रबंधक ने रेल खंड पर चल रहे घाटमपुर, बरीपाल, पतारा रेलवे स्टेशन के दोहरीकरण के कार्य की समीक्षा की। इस मौके पर यात्रियों की सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने शत-प्रतिशत संरक्षा पूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।

- लाइन के दोहरीकरण, यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

उन्होंने घाटमपुर स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्य को देखा और एजेंसी को बेहतरी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व) आयुष श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक संजय कुमार, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनीयर नितिन गुप्ता, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजिनीयर (टीआरडी) मयंक शांडिल्य, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) शोभनाथ, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम अभियंता नरेन्द्र सिंह सहित निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# पानी भरे गड्ढे में डूब गया बच्चा

**घाटमपुर।** जहानाबाद रोड स्थित एक ईंट भट्ठे में काम करने वाले मजदूर का 10 माह का बच्चा खेलते हुए पानी भरे गड्ढे में जा गिरा। बच्चे को पानी में डूबता देख परिजन दौड़े और उसे गड्ढे से निकालकर सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित मजदूर ने पुलिस को सूचना दिए बगैर बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।

जहानाबाद रोड स्थित न्यू राधे बिक्र फील्ड में हमीरपुर जनपद के मौदहा निवासी रजना परिवार सहित रहकर ईंट पथाई का काम करता है। मां रादिन के अनुसार उसका 10 माह का पुत्र रितिक गुरुवार सुबह भट्ठे में पानी भरे गड्ढे के पास खेल रहा था। अचानक खेलते-खेलते वह गड्ढे में जा गिरा और डूबने लगा। बच्चे को पानी भरे गड्ढे में डूबता देख परिजन दौड़े और उसे निकालकर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप


भीड़ जुटाने की तैयारी में जुटी घाटमपुर विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

### प्रधानमंत्री के रोड शो में घाटमपुर से पहुंचेगी भीड़

**घाटमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर नगर में रोड शो में भीड़ जुटाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। विधायक सरोज कुरील ने जन सम्पर्क कर लोगों से कानपुर पहुंचने की अपील की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, तन्मय तिवारी, टुनटुन पांडेय, पप्पू तिवारी, शिवकुमार द्विवेदी, प्रिंस शुक्ला, राजवीर सैनी, अंकुर मिश्रा, छोटे मुन्ना, पंकज पांडेय, नीशू सचान, महिला मंच की जिलाध्यक्ष अपना दल यस कमला कुरील, डॉ .अतुल सचान, दिवाकर पांडेय, ईशू अवस्थी, अर्पित सचान, अभी सिंह, वैष्णो दास दीक्षित, राकेश कुरील, विकास कुरील आदि लोग शामिल रहे।

### योगेश जायसवाल ने जनसंपर्क कर मांगे वोट

**घाटमपुर।** अकबरपुर संसदीय सीट से आदर्श लोकदल पार्टी के समर्थित प्रत्याशी योगेश जसवाल और उनके बेटे सिद्धार्थ जायसवाल, घाटमपुर विधानसभा के संयोजक शुभम पांडेय, रुद्र ने क्षेत्र के जुरईयां, चौबेपुर, बिच्छीपुर, सरैया, दहेली, मछैला, रठिगांव, इछौली, डोभाल, शाखा जानवारा, देवीपुर, काटर आदि गांवों में भ्रमण किया और बुजुर्गों का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर दिनेश पांडेय, राजेश पांडेय, मुन्नालाल सोनकर, राजेश कुमार, बृजेश कुमार, आशीष सिंह, अतुल सिंह, सिद्धू सिंह, रतन बाजपेई, अशोक कुमार, नितिन गुप्ता, विजय गौतम, अवधेश कुमार, शिव गोपाल शर्मा, जग्गू तिवारी, प्रकाश सोनकर, पिंटू फाइटर आदि मौजूद रहे।

विकास की ओर

घरों से 30 से 100 रुपये व प्रतिष्ठानों से 5000 तक का कलेक्शन, 6260 घरों से उठ रहा कूड़ा, कुल 16 ब्लॉकों में स्थापित हुआ केंद्र

# कूड़ा कलेक्शन टैक्स से ग्राम पंचायतों का विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


ग्राम पंचायतों में कूड़े का निस्तारण हो रहा है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में अब कहीं भी कूड़े व कचरे का ढेर नहीं दिखाई देगा। छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए बजट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले चरण में ग्राम पंचायतों के 16 ब्लॉकों में कूड़ा निस्तारण व कलेक्शन प्लांट स्थापित किया गया है। जहां से ब्लाकों के 25056 घरों को कवर किया गया है। मौजूदा समय में 16 ब्लाकों के 6260 घरों से कूड़ा निस्तारण का काम भी चालू है। इन घरों से प्राप्त होने वाले बजट से ही ग्राम पंचायतों के विकास कार्य कराएं जाएंगे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के तहत मौजूदा समय में ग्राम पंचायतों में घर-घर कूड़ा उठान की गतिविधि चालू है। योजना के तहत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन का काम कराया जा रहा है। पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर काम कराया जा रहा है। मौजूदा समय में कूड़ा प्रबंधन के तहत काम कराए जा रहे है। इसके तहत कूड़ा संग्रह व निस्तारण दोनों तरह के प्लांट ब्लॉकों में स्थापित किए गए है। कल्याणपुर ब्लाक में सबसे ज्यादा चार प्लांट स्थापित हैं। सबसे बड़ा प्लांट पतारा ब्लाक में है। जहां से 3200 घरों को कवर किया जाना हैं। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि ग्रांम पंचायतों में घरों से प्रतिमाह का कूड़ा संग्रह शुल्क 30 से 100 रुपये हैं। कूड़ा कलेक्शन दो प्रकार है, पहला घरेलू व दूसरा प्रतिष्ठानों का।

### ब्लॉक और स्थापित केंद्र

कल्याणपुर ब्लॉक में चार केंद्र बगदौधी बॉगर, रामपुर भीमसेन, बिनौर, भौती प्रतापपुर में स्थापित है। इसके अलावा विधूना के मझावन व रमईपुर, बिल्हौर के पूरा, घाटमपु के कोरिया, खास पतारा व ककवन, चौबेपुर के मालौ व पेम सरसौल के महाराजपुर व नर्वल में केंद्र स्थापित है।

> मार्च माह तक सभी प्लांटों से कुल 647970 रुपये का शुल्क कलेक्शन हुआ है। योजना के तहत क्षेत्रों में विस्तार लगातार किया जा रहा है। कूड़ा संग्रह से प्राप्त शुल्क को ओएसआर खाता में जमा किया जाता है। इस धन को ग्राम पंचायतों में सुविधा और व्यवस्था में खर्च किया जाएगा। -डीपीआरओ कमल किशोर

### 16 ब्लॉकों में 25056 हुए कवर

ब्लॉकों में स्थापित 16 कूड़ा संग्रह केंद्रों में ग्राम पंचायतों के 25056 घरों को कवर किया गया है। जहां से मौजूदा समय में 6260 घरों से कूड़ा उठान जारी है। लगातार ग्राम पंचायतों में कूड़ा संग्रह का दायरा बढ़ाया जा रहा है। रामपुर भीमसेन प्लांट के दायरे में आने वाले घरों की प्रगति सबसे अच्छी है। इस प्लांट से सबसे ज्यादा 1369 घरों से कूड़ा उठान हो रही है।

### प्रतिदिन कूड़ा उठान

ब्लॉकों में स्थापित कूड़ा संग्रह केंद्रों से प्रतिदिन घरों से 3130 किलो कूड़ा व कचरा उठाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सबसे अधिक कूड़ा उठान कल्याणपुर के रामपुर भीमसेन से 685 किलो, बगदौधी बॉगर से 250 किलो व बिल्हौर के पूरा से 225 किलो हो रही है। इन केंद्रों से प्रतिमाह शुल्क वसूला जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी गो तस्कर और साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** चेकिंग के दौरान बाइक सवार इनामी गो तस्करों ने अकबरपुर कोतवाली पुलिस पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक साथी भागने में सफल रहा। इनके पास से तमंचा, कारतूस, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ आलमचंद्रपुर नहर बंबा के पास बुधवार रात चेकिंग कर रहे थे, तभी तीन लोग एक बाइक से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग से एक अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के कुरैशियन थावला निवासी मोहम्मद मोनिश और राजस्थान के रामनगर थाना क्षेत्र के बंजारों का झोपड़ा दौलतपुरा बूंदी निवासी महेंद्र बंजारा शामिल हैं। पुलिस ने गोली लगने से घायल मोहम्मद मोनिश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सीओ सदर तनु उपाध्याय ने बताया कि घायल मोहम्मद मोनिश पर 25 हजार का इनाम है।

- अकबरपुर कोतवाली के आलमचंद्रपुर नहर बंबा के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़

